आप विभिन्न जिलों में आपातकालीन समन्वय की निगरानी कर रहे हैं। राहत सामग्री – जैसे भोजन, पानी, दवाइयाँ और टेंट – सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं, तथा परिवहन-संभार प्रणाली भी अत्यधिक दबाव में है। एक विशेष जिला, AXY, जहाँ मीडिया की उपस्थिति प्रबल है और राजनीतिक रूप से संवेदनशील है, क्योंकि वहाँ कुछ ही हफ्तों में एक हाई-प्रोफाइल उपचुनाव होने वाला है। AXY के जिलाधिकारी बार-बार आपके कार्यालय में फोन कर रहे हैं और "तेजी से बिगड़ती परिस्थितियों" तथा "अपरिहार्य राजनीतिक दृश्यता" का हवाला देते हुए राहत सामग्री में तत्काल वृद्धि की माँग कर रहे हैं।

दूसरी ओर, एक आंतरिक जिला, CBC, आधिकारिक आपदा मानकों के अनुसार और भी अधिक प्रभावित है – वहाँ मृत्यु संख्या अधिक है, बुनियादी ढाँचे को भारी क्षति पहुँची है, और विस्थापन की संख्या भी अधिक है। फिर भी यह इलाका दूरस्थ, मीडिया कवरेज से वंचित तथा राजनीतिक रूप से अदृश्य है। वहाँ के जिला कलेक्टर – जो अपेक्षाकृत कनिष्ठ अधिकारी हैं – तथ्यों और आँकड़ों पर आधारित रिपोर्ट भेजते हैं, किंतु कोई राजनीतिक दबाव या प्रचार नहीं करते।

आपके नियंत्रण कक्ष के कुछ कर्मचारी चुपचाप यह सुझाव देते हैं कि "AXY" को प्राथमिकता दी जाए, क्योंकि वहाँ से अधिक फोन आ रहें हैं: "यदि वहाँ कुछ गलत हुआ, तो आयुक्त कार्यालय से सबसे पहले उसी पर सवाल उठेंगे, CBC पर नहीं।"

राहत सामग्री के वितरण को लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं हैं। आपके संभार अधिकारी ने सुझाव दिया है कि सामग्री को समान रूप से बाँट दिया जाए – किंतु ऐसा करने से CBC की गंभीर आवश्यकताएँ उपेक्षित हो जाएँगी। आपकी लिखित जिम्मेदारी केवल यह कहती है: "आवश्यकता और तात्कालिकता के आधार पर त्वरित और न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करना।"

स्थिति को और जटिल बनाते हुए, मुख्यमंत्री कार्यालय से आपको एक फोन कॉल प्राप्त होता है, जिसमें AXY की समस्याओं को "तत्काल प्राथमिकता" देने का "अनुरोध" किया जाता है – यद्यपि इस संबंध में कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है।

प्रश्न

(a) इस स्थिति में आप किन नैतिक मुद्दों (Ethical Issues) और दुविधाओं की पहचान कर सकते हैं?

(b) आपके पास क्या विकल्प उपलब्ध हैं? नैतिक तर्क (Ethical Reasoning) और शासन प्रभाव के संदर्भ में उनका मूल्यांकन कीजिए।

(c) आपकी कार्यवाही क्या होगी, तथा आप लोक सेवा नैतिकता के सिद्धांतों का उपयोग करते हुए इसका औचित्य कैसे सिद्ध करेंगे?

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 20 अंक

You are a senior IAS officer appointed as the Relief Commissioner of a state that has been hit by severe monsoon floods. Several districts are under water, thousands are displaced, and the Chief Minister has declared a state emergency.

You are overseeing emergency coordination across districts. Relief materials — food, water, medicine, and tents — are limited, and logistics are strained. One particular district **AXY**, has a strong media presence and politically sensitive, as a high-profile bye-election is due to take place there in a few weeks. The District Magistrate of **AXY** calls your office repeatedly, asking for an urgent increase in relief allocation, citing worsening conditions and "unavoidable political visibility."

Meanwhile, another interior district — **CBC**— is worse hit on all official impact parameters: casualty numbers, infrastructure damage, and displacement. However, it is remote, under-reported, and lacks media or political visibility. The local Collector, a relatively junior officer, sends data-driven reports but makes no political noise.

Your control room staff quietly suggests prioritizing **AXY** due to its visibility: "That's where our phones ring off the hook. If something goes wrong, the Commissioner's office won't ask about **CBC**."

Candidates must not write on this margin

There is no clear guideline on prioritisation. Your logistics officer proposes splitting materials evenly — but that would undermine CBC's critical need. Your written mandate only says, *"Ensure equitable and prompt distribution based on need and urgency."*

To complicate matters further, you receive a call from the Chief Minister's Office, "urging" that AXY's issues be given "immediate attention" — though no official order follows.

Questions

(a) What are the ethical issues and dilemmas you can identify in this situation?

(b) What are the options available to you? Evaluate them in terms of ethical reasoning and governance impact.

(c) What will be your course of action, and how will you justify it using principles of public service ethics? (Answer in 250 words) 20 Marks



Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin

Q.9 मेडफार्मा लिमिटेड एक प्रतिष्ठित औषध कंपनी है, जो किफायती जेनेरिक औषधियों के निर्माण के लिए जानी जाती है। इसके उत्पाद देशभर में निजी वितरण चैनलों तथा सरकारी खरीद कार्यक्रमों के माध्यम से वितरित किए जाते हैं। कंपनी आगामी छह महीनों के भीतर एक बड़े आईपीओ की तैयारी कर रही है।

मार्च की शुरुआत में, एक टियर-2 शहर के एक सरकारी अस्पताल ने रिपोर्ट की कि मेडफार्मा की व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली एंटीबायोटिक औषधि "जेफामेड" के सेवन के बाद मरीजों में गंभीर दुष्प्रभाव देखे गए, जिनमें दो लोगों की मृत्यु भी शामिल थी। प्रारंभिक रिपोर्ट कंपनी के क्षेत्रीय वितरक के साथ साझा की गई, किंतु इस मामले को कंपनी मुख्यालय तक औपचारिक रूप से नहीं पहुँचाया गया।

इस बीच, दो सप्ताह पहले समीक्षा की गई एक आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट में उस उत्पादन बैच में असंगतियाँ दर्शाई गई थीं, जिसका संबंध उक्त अस्पताल से था। इसके बावजूद वरिष्ठ नेतृत्व टीम ने वितरण रोकने का निर्णय नहीं लिया, यह कहते हुए कि राज्य सरकार के बड़े ऑर्डरों को समय पर पूरा करना और ग्रामीण स्वास्थ्य योजनाओं में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न होना अत्यंत आवश्यक है।

एक मध्य-स्तरीय गुणवत्ता अधिकारी, इस मौन से व्यथित होकर, कंपनी के सीईओ को ईमेल करता है और बाह्य नियामकों व मीडिया को सूचित करने की धमकी देता है। कंपनी की कानूनी और जनसंपर्क टीम एक आपात बैठक बुलाती है। सलाह दी जाती है कि जब तक प्रयोगशाला की रिपोर्ट अंतिम रूप से कुछ सिद्ध न कर दे, तब तक किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी से इनकार किया जाए और सार्वजनिक रूप से इसे "आंतरिक जाँच के अधीन एक पृथक् घटना" के रूप में वर्णित किया जाए।

गोपनीय रूप से, वरिष्ठ नेतृत्व टीम उन शहरी निजी फार्मेसियों से इस औषधि के बैच को चुपचाप वापस मँगाने पर विचार करती है, जहाँ उपभोक्ता जागरूकता अधिक है – जबकि सार्वजनिक अस्पतालों के माध्यम से वितरण जारी रखने की योजना है, यह तर्क देते हुए कि "जनस्वास्थ्य प्रणाली घबराहट का जोखिम नहीं उठा सकती।"

नैतिकता एवं अनुपालन अधिकारी (Ethics & Compliance Officer) इस दृष्टिकोण पर आपत्ति व्यक्त करता है, किंतु उसे यह कहकर चुप करा दिया जाता है कि वह "संचालन रणनीति में हस्तक्षेप न करे।"

इसी समय, एक प्रमुख पत्रकार को गुणवत्ता रिपोर्ट की लीक प्रति प्राप्त होती है और वह कंपनी से संपर्क करता है। कंपनी के बोर्ड को सूचित किया जाता है और आईपीओ पर संभावित नकारात्मक मीडिया प्रभाव को लेकर गहरी चिंता जताई जाती है।

हालाँकि यह अंतिम रूप से सिद्ध नहीं हुआ है कि औषधि ही मौतों का कारण बनी है, किंतु परिस्थितिजन्य साक्ष्य मजबूत हैं, और आंतरिक रिकॉर्ड इस बात की पुष्टि करते हैं कि कंपनी पहले से इस जोखिम से अवगत थी।

प्रश्न

(a) इस मामले में प्रमुख नैतिक मुद्दे (Ethical Issues) और चूक क्या हैं?

(b) कंपनी के नेतृत्व के पास क्या विकल्प उपलब्ध हैं? सार्वजनिक जवाबदेही और हितधारकों पर प्रभाव के संदर्भ में उनका मूल्यांकन कीजिए।

(c) यदि आप सीईओ होते, तो आप किस प्रकार की कार्यवाही की सिफारिश करते और क्यों?

(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 20 अंक

MedPharm Ltd. is a reputed pharmaceutical company known for manufacturing affordable generic medicines. Its products are distributed nationwide through both private channels and government procurement programs. The company is preparing for a major IPO within the next six months.

In early March, a government hospital in a Tier-2 city reports that patients administered MedPharm's widely used antibiotic "Xefamed" developed severe adverse reactions, including two fatalities. Initial reports are shared with the company's regional distributor, but no formal escalation is made to corporate headquarters.

Candidates must not write on this margin

Meanwhile, an internal quality assurance report, reviewed two weeks earlier, had flagged inconsistencies in the production batch linked to the hospital. However, the senior leadership team decided not to halt distribution, citing the urgency of meeting large state government orders and avoiding disruption in rural health schemes.

A mid-level Quality executive, disturbed by the silence, emails the CEO and threatens to alert external regulators and the media. The company's legal and PR teams convene an emergency meeting. The advice is to deny any link until lab results are conclusive, and to describe it publicly as an "isolated incident under internal review."

Behind closed doors, the senior leadership considers quietly recalling the batch from urban private pharmacies — where consumer awareness is high — while continuing distribution through public hospitals, citing that "the public health ecosystem cannot afford panic."

The ethics & compliance officer voices concerns about this approach, but is told not to "interfere in operational strategy."

At this point, a popular journalist contacts the company with a leaked version of the Quality report. The board is informed and is deeply concerned about negative media coverage impacting the IPO.

There is no final proof that the drug caused the deaths, but the circumstantial link is strong, and internal records show prior awareness.

Questions.

(a) What are the key ethical issues and lapses evident in the case?

(b) What are the options available to the company's leadership? Evaluate them in terms of public accountability and stakeholder impact.

(c) If you were the CEO what course of action would you recommend and why?

(Answer in 250 words) 20 Marks

NEXT IAS

Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin



Q.10 आप जिला ग्रामीण आजीविका मिशन के परियोजना निदेशक के रूप में पदस्थ हैं। राज्य सरकार ने एक प्रदर्शन-आधारित रैंकिंग प्रणाली शुरू की है, जिसमें जिलों को कवरेज, निधि के उपयोग और डिजिटाइज्ड रिपोर्टिंग के आधार पर प्रत्येक माह ग्रेड दिया जाता है। आपका जिला, जो पहले पिछड़ा हुआ माना जाता था, अब तेजी से प्रगति करते हुए शीर्ष पाँच जिलों में आ गया है।

इस प्रगति का एक प्रमुख कारण है – राजीव, आपके डेटा एवं निगरानी अधिकारी। वह एक इंजीनियर हैं, जिनमें विश्लेषणात्मक दक्षता है और जो बाधाओं को "दूर करने" के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने डैशबोर्ड्स की शुरुआत की, एमआईएस रिपोर्टिंग को सुव्यवस्थित किया, और टीमों को कड़ी समय-सीमा के भीतर रिकॉर्ड अपडेट करने के लिए प्रेरित किया। राज्य की टीम ने आपके कार्यालय के इस कायाकल्प की सराहना की है, और राजीव को एक आदर्श अधिकारी के रूप में देखा जा रहा है।

हालाँकि, अब कुछ समस्याएँ उभरने लगी हैं। फील्ड स्टाफ ने रिपोर्ट किया है कि उन पर अपूर्ण लाभार्थी डेटा अपलोड करने और 100% प्रगति दिखाने का दबाव डाला जा रहा है, भले ही जमीनी कार्य में देरी हो रही हो। महिला स्वयं सहायता समूह (SHG) समन्वयकों ने राजीव के रवैये – जो प्रायः उपेक्षापूर्ण और डाँटने वाला होता है – के बारे में चिंता जताई है। उनका कहना है कि वह उन्हें "धीमे और भावुक" कहकर फटकार लगाते हैं। कुछ समन्वयकों ने समीक्षा बैठकों में जाना बंद कर दिया है।

हाल ही में आपको एक ब्लॉक समन्वयक का फोन आया, जिसने आरोप लगाया कि उसे सबके सामने अपमानित किया गया और चेतावनी दी गई कि "बात मानो या इस्तीफा दो।" हालाँकि कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है, लेकिन अनौपचारिक प्रतिक्रियाओं से आक्रोश, भय और संघर्ष से बचने के लिए डेटा में हेरा-फेरी की बात सामने आ रही है।

राजीव अपने कार्यों को "एक अक्षम, भावुक व्यवस्था को सुधारने के लिए आवश्यक" बताते हैं। तकनीकी रूप से, लक्ष्य पूरे हो रहे हैं, लेकिन अब आपके मन में प्रश्न उठ रहा है कि क्या यह वास्तविक प्रदर्शन है – या संस्थागत संस्कृति का पतन।

प्रश्न

(a) इस स्थिति में नैतिक मुद्दे (Ethical Issues) और संगठनात्मक संस्कृति संबंधी चिंताएँ क्या हैं?

(b) परियोजना निदेशक के रूप में आपके पास क्या विकल्प हैं? भावनात्मक बुद्धिमत्ता और नैतिक नेतृत्व के मानदंडों के आधार पर उनका आकलन कीजिए।

(c) आप क्या कार्यवाही चुनेंगे और क्यों? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 20 अंक

You are posted as Project Director of the District Rural Livelihoods Mission. The state has launched a performance-based ranking system where districts are graded monthly based on coverage, fund utilization, and digitized reporting. Your district, once a laggard, has climbed rapidly to the top five.

A major reason is Rajeev, your Data and Monitoring Officer — an engineer with sharp analytical skills and a reputation for "fixing" bottlenecks. He introduced dashboards, streamlined MIS reporting, and pushed teams to update records within tight deadlines. The state team has praised your office's turn-around, and Rajeev is seen as a model officer.

However, problems have begun surfacing. Field staff report being pressured to upload incomplete beneficiary data and show 100% progress, even when fieldwork lags. Women's Self-Help Group (SHG) coordinators have raised concerns about Rajeev's tone — dismissive, often scolding them for being "slow and emotional." A few have stopped attending review meetings.

You recently received a call from a block coordinator who alleged that she was humiliated in front of others and warned to "fall in line or quit." Though no written complaints exist, informal feedback suggests rising resentment, fear, and manipulation of data to avoid conflict with Rajeev.

Rajeev defends his actions as necessary to "fix an inefficient, sentimental setup." Technically, targets are being met. But you're beginning to question whether this is performance — or a collapse in institutional culture.

Candidates must not write on this margin

Questions

(a) What are the ethical issues and organisational culture concerns in this situation?

(b) What are your options as Project Director? Assess them through the parameters of emotional intelligence and ethical leadership.

(c) What will be your chosen course of action and why? (Answer in 250 words) 20 Marks



Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin

Q.11 आप जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (DRDA) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) हैं। आपके जिले को एक केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत ग्रामीण लघु उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए ₹12 करोड़ का आवंटन प्राप्त हुआ है। दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह राशि केवल उन स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को वितरित की जानी है, जो प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, जिनकी व्यवसाय योजना का मूल्यांकन हो चुका है, और जिनके लिए मेंटरशिप तथा बैंक से ऋण सुविधा जैसी सहायक व्यवस्थाएँ स्थापित की गई हैं।

हालाँकि, राज्य स्तर पर योजना के क्रियान्वयन में देरी के कारण अब तक केवल 20% SHGs को ही प्रशिक्षण दिया जा सका है। जिला संसाधन टीम में पर्याप्त स्टाफ नहीं है, और कई विकासखण्डों में बैंक लिंकेज की प्रक्रिया लंबित है।

अब वित्तीय वर्ष समाप्त होने में केवल छह सप्ताह शेष हैं, और आपको जिलाधिकारी तथा राज्य नोडल अधिकारी की ओर से "शत-प्रतिशत धनराशि का उपयोग सुनिश्चित करने" का दबाव प्राप्त हो रहा है। आपको यह भी बताया गया है कि यदि राशि का पूर्ण उपयोग नहीं हुआ, तो अगले वर्ष आवंटन में कटौती हो सकती है, और आपका जिला "श्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता" की स्थिति खो सकता है। कुछ सहकर्मी यह सुझाव दे रहे हैं कि राशि का उपयोग अनुभवी SHGs के माध्यम से कर लिया जाए, भले ही वे पूर्ण रूप से तैयार न हों, और बाद में नियमितीकरण का "प्रबंधन" कर लिया जाएगा।

कुछ NGO साझेदारों और क्षेत्रीय अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है कि यदि पूर्ण तैयारी के बिना धनराशि वितरित की गई, तो कई SHGs धन का दुरुपयोग या अपव्यय कर सकती हैं, जिससे ऋण-जाल, विफल व्यवसाय और लेखा परीक्षा में आपत्तियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। वहीं कुछ स्थानीय जन-प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि निधि वितरण में देरी हुई, तो समुदायों में निराशा फैलेगी और उन्हें "नौकरशाही की देरी की सजा" मिलेगी, जिसके वे जिम्मेदार नहीं हैं।

अब तक कोई औपचारिक अनियमितता नहीं हुई है, परंतु धनराशि शीघ्र जारी करने का दबाव लगातार बढ़ रहा है - भले ही आवश्यक संस्थागत व्यवस्था स्पष्ट रूप से तैयार न हो।

प्रश्न

(a) इस मामले में नैतिक (Ethical) और प्रशासनिक मुद्दे क्या हैं?

(b) आपके पास कौन-से विकल्प उपलब्ध हैं? नैतिक शासन (Ethical Governance) और विवेकपूर्ण लोक निधि प्रबंधन के आलोक में उनका मूल्यांकन कीजिए।

(c) आप क्या कार्रवाई करेंगे और क्यों? लोक सेवा मूल्यों, जवाबदेही और दीर्घकालिक कार्यक्रम सत्यनिष्ठा के संदर्भ में इसका औचित्य सिद्ध कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 20 अंक

You are a CEO of the District Rural Development Agency (DRDA). Your district received a ₹12 crore allocation under a central scheme for promoting rural micro-enterprises. As per guidelines, funds are to be disbursed to trained Self-Help Groups (SHGs) after business plans are vetted and support structures (mentors, credit linkages) are in place.

However, due to a delayed rollout at the state level, only 20% of SHGs have been trained. The district resource team is understaffed, and bank linkage is pending in many blocks.

With only six weeks left in the financial year, you receive pressure from the district Collector and the state nodal officer to "ensure 100% utilization." You're told that underutilization may lead to reduced allocations next year, and your district may lose "performer" status. Some colleagues suggest that funds can be routed through "mature" SHGs regardless of readiness, and regularization can be "managed" later.

A few NGO partners and field officers express concern: without full preparation, many SHGs may misuse or waste funds, leading to debt cycles, failed businesses, and audit objections. However, some local representatives argue that delaying funds will disappoint communities and "punish them for bureaucratic delays."

No formal wrongdoing has occurred yet, but the pressure to release funds quickly is mounting — even if institutional capacity is clearly not in place.

Candidates must not write on this margin

Questions

(a) What are the ethical and administrative issues in this case?

(b) What options are available to you? Evaluate them in light of ethical governance and prudent public fund management.

(c) What course of action will you take, and why? Justify with reference to public service values, accountability, and long-term program integrity. (Answer in 250 words) 20 Marks



Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin



Q.12 आप एक सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के रूप में उस शहर में पदस्थ हैं, जहाँ एक बड़ी रेलवे कर्मचारी कॉलोनी एक अनौपचारिक प्रवासी बस्ती से सटी हुई है। यह बस्ती, जो मुख्यतः अंतर-राज्यीय श्रमिकों और उनके परिवारों से बनी है, वर्षों से अनियमित रूप से विकसित हुई है और वहाँ कोई औपचारिक नागरिक ढाँचा मौजूद नहीं है।

पिछले एक माह में, रेलवे कर्मचारी संघ ने कॉलोनी की परिधि पर चोरी, सड़क-स्तरीय मादक द्रव्यों के सेवन और जुए की घटनाओं को लेकर कई शिकायतें दर्ज कराई हैं। हाल ही में दो रेलवे कर्मचारियों को रात्रि पाली से लौटते समय लूट लिया गया, जिससे दबाव और अधिक बढ़ गया है। स्थानीय समाचार चैनलों ने इस खबर को प्रमुखता से दिखाया है, और मंडलीय रेलवे प्रबंधक ने आपके कार्यालय को पत्र लिखकर "स्पष्ट और त्वरित कार्रवाई" की माँग की है।

आपकी फील्ड टीमों ने पुष्टि की है कि उस क्षेत्र में छोटे स्तर पर मादक द्रव्यों की गतिविधियाँ और अनौपचारिक जुए का चलन है, हालाँकि वहाँ की अपराध दर सांख्यिकीय रूप से अधिक नहीं है। क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता और युवाओं के लिए किसी भी प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ या योजनाएँ नहीं हैं। आपके कांस्टेबलों ने यह भी स्वीकार किया है कि उन्होंने "परिस्थिति को नियंत्रण में रखने" के लिए कुछ युवकों को बिना प्राथमिकी के हिरासत में लिया था, परंतु कोई औपचारिक गिरफ्तारी नहीं की गई।

इसी बीच, स्थानीय विधायक ने आपसे निजी तौर पर अनुरोध किया है कि "इस मुद्दे को चुपचाप सुलझा लिया जाए।" वे आगामी चुनावों से पहले इस बस्ती को नियमित (वैध) करवाने के प्रयास में हैं और उन्हें डर है कि यदि गिरफ्तारी या मीडिया कवरेज बढ़ी, तो उनका मतदाता वर्ग उनसे दूर हो सकता है। उन्होंने यह संकेत भी दिया है कि इससे "सामाजिक सौहार्द्र" और "जिले में आपके भविष्य" पर असर पड़ सकता है।

बस्ती में कार्यरत गैर-सरकारी संगठन (NGO) छापेमारी की बजाय नशामुक्ति और युवा परामर्श जैसे उपायों की सलाह दे रहे हैं। आप यह सोच रहे हैं कि इस स्थिति में एक प्रभावी कार्ययोजना कैसे बनाई जाए।

प्रश्न

(a) उपर्युक्त मामले में शामिल नैतिक मुद्दे (Ethical Issues) और दुविधाएँ क्या हैं?

(b) एक पुलिस अधिकारी के रूप में आपके पास क्या विकल्प हैं? उनके गुण और दोषों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

(c) आप क्या कार्रवाई करेंगे और आप इसका औचित्य कैसे सिद्ध करेंगे? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए) 20 अंक

You are an ACP posted in a city where a large railway staff colony borders an informal migrant settlement. The settlement—composed mostly of interstate workers and their families—has grown unregulated over the years, with no formal civic infrastructure.

In the past month, the railway staff association has submitted multiple complaints alleging thefts, street-level drug abuse, and gambling around the colony perimeter. Two railway employees were recently mugged returning from a night shift, escalating pressure. Local news channels have picked up the story, and the divisional railway manager has written to your office demanding "visible, swift action."

Your field teams confirm that small-scale drug activity and informal gambling do occur in the area, though crime rates are not statistically high. The area lacks lighting, sanitation, and youth outreach programs. Your constables also admit they've detained young men without FIRs "to control the mood." No formal arrests have followed.

Meanwhile, the local MLA has privately asked you to "handle the issue quietly." He's lobbying to get the colony regularised ahead of elections and is concerned that arrests or media attention may alienate his vote base. He implies this could affect "harmony" and your "future in the district."

NGOs working in the settlement advocate for de-addiction and youth counselling over raids. You are wondering about the how's of the action plan.

Questions

(a) What are the ethical issues and dilemmas involved in this case?

(b) What are your options as a police officer? Critically examine their strengths and weakness.

(c) What course of action will you take and how will you justify it? (Answer in 250 words) 20 Marks

Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin



Candidates must not write on this margin



Space for Rough Work

Space for Rough Work

IMPORTANT INSTRUCTIONS

CANDIDATES SHOULD READ THE UNDERMENTIONED INSTRUCTIONS CAREFULLY. VIOLATION OF ANY OF THE INSTRUCTIONS MAY LEAD TO PENALTY.

DONT'S

1. Do not write your name or registration no. anywhere inside this Question-cum-Answer Booklet.
2. Do not write anything other than the actual answers to the questions anywhere inside your QCA Booklet.
3. Do not tear off any pages from your QCA Booklet, if you find any page missing do not fail to notify the supervisor/invigilator.
4. Do not leave behind your QCA Booklet on your table unattended, it should be handed over to the invigilator after conclusion of the exam.

DO'S

1. Read the Instructions on the cover page and strictly follow them.
2. Write your registration number and other particulars, in the space provided on the cover of QCA Booklet.
3. Write legibly and neatly. Do not write in bad/illegible handwritings.
4. For rough notes or calculation, the last two blank pages of this booklet should be used. The rough notes should be crossed through afterwards.
5. If you wish to cancel any work, draw your pen through it or write "Cancelled" across it, otherwise it may be evaluated.
6. Handover your QCA Booklet personally to the invigilator before leaving the examination hall.

SPECIAL REQUEST FOR CANDIDATE AVAILING ONLINE FACILITY

1. Scan the QCA booklet properly. We suggest the uses of the app CAM scanner (Scan QR code in page 2) based on our previous experiences.
2. Please scan the QCA booklet in ample light. Copies scanned under moderate light can hamper evaluation quality.
3. Any page/pdf having shadow needs to be rescanned. Please make sure that the pdf that you upload is as clean as possible.
4. **Candidates not using the QCA booklet** must mention their details on the front page. And leave the next page blank for the macro comments. It must be understood that the answer should start from Page no. 3 in of the scanned pdf.
5. Candidates not using the QCA booklet must follow the sequence of the answer as per the question paper.
6. Please check the sequence of the answer and total number of pages in the scanned version. Make sure it is in consonance with the physical version of the same.

महत्वपूर्ण निर्देश

अभ्यर्थियों को निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। किसी भी निर्देश का उल्लंघन करने पर दण्डित किया जा सकता है।

क्या न करें-

1. इस प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका के भीतर कहीं भी अपना नाम या पंजीकरण संख्या न लिखें।
2. अपनी QCA पुस्तिका में कहीं भी प्रश्नों के वास्तविक उत्तरों के अलावा कुछ भी न लिखें।
3. अपनी QCA पुस्तिका से कोई भी पृष्ठ न फाड़ें, यदि आपको कोई पृष्ठ गायब लगे, तो पर्यवेक्षक/निरीक्षक को सूचित करना न भूलें।
4. अपनी QCA पुस्तिका को अपनी टेबल पर न छोड़ें, परीक्षा समाप्त होने के पश्चात इसे निरीक्षक को सौंप देना चाहिए।

क्या करें-

1. कवर पृष्ठ पर दिए गए निर्देशों को ध्यान पूर्वक पढ़ें और उनका सख्ती से पालन करें।
2. QCA पुस्तिका के कवर पृष्ठ पर दिए गए स्थान पर अपना पंजीकरण नंबर और अन्य विवरण लिखें।
3. स्पष्ट और पठनीय तरीके से लिखें। खराब/अपठनीय लिखावट में न लिखें।
4. रफ नोट्स या गणना के लिए, इस पुस्तिका के अंतिम दो खाली पृष्ठों का उपयोग किया जाना चाहिए। रफ नोट्स को बाद में क्रॉस कर देना चाहिए।
5. यदि आप किसी कार्य को रद्द करना चाहते हैं, तो उस पर अपना पेन चलाएं या उस पर "रद्द" लिखें, अन्यथा उसका मूल्यांकन किया जा सकता है।
6. परीक्षा हॉल छोड़ने से पहले अपनी QCA पुस्तिका व्यक्तिगत रूप से निरीक्षक को सौंप दें।

ऑनलाइन सुविधा का लाभ उठाने वाले अभ्यर्थियों के लिए विशेष अनुरोध

1. QCA पुस्तिका को ठीक से स्कैन करें। हम चाहेंगे कि आप स्कैनिंग के लिए कैमस्कैनर ऐप (CAM SCANER) का प्रयोग करें। (यह कोई प्रमोशन नहीं है)।
2. कृपया QCA पुस्तिका को पर्याप्त रोशनी में स्कैन करें। कम रोशनी में स्कैन की गई पुस्तिकाएं, उनके मूल्यांकन की गुणवत्ता को बाधित कर सकती हैं।
3. स्कैन के दौरान छाया वाले किसी भी पृष्ठ/पीडीएफ को फिर से स्कैन किया जाना चाहिए। कृपया सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा अपलोड की गई पीडीएफ यथा संभव स्पष्ट हो ।
4. QCA पुस्तिका का उपयोग नहीं करने वाले उम्मीदवारों को अपना विवरण पहले पृष्ठ पर देना चाहिए और मैक्रो टिप्पणियों के लिए अगला पृष्ठ खाली छोड़ दें। यह समझना चाहिए कि उत्तर स्कैन की गई पीडीएफ में पृष्ठ नंबर 3 से शुरू होना चाहिए।
5. QCA पुस्तिका का उपयोग नहीं करने वाले उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र के अनुसार उत्तर के अनुक्रम का पालन करना चाहिए।
6. कृपया स्कैन किए गए संस्करण में उत्तर के अनुक्रम और कुल पृष्ठों की संख्या की जाँच करें। सुनिश्चित करें कि यह उसी के भौतिक संस्करण के अनुरूप है।